राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीमा, रोहड़ू, शिमला, हि॰ प्र॰ के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीमा, रोहड़ू, शिमला, हि॰ प्र॰ के बीएससी तृतीय वर्ष के **30 विद्यार्थियों** तथा उनके साथ आये संकाय सदस्य **श्री उमेश कुमार नारटा,** सहायक प्रोफ़ेसर एवं लैब अटेंडेंट ने दिनांक **28 फरवरी 2020** को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में **डॉ॰ वनीत जिष्टू,** वैज्ञानिक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विद्यार्थियों को वनस्पति संग्रहालय में पौधे के नमूने को कैसे संरक्षित किया जाए के बारे में विस्तार जानकारी प्रदान की गई।

श्री बृज भूषण, परियोजना सहायक एवं **श्री पंकज कुमार,** परियोजना सहायक द्वारा विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संस्थान की सभी प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया, जहां संबधित प्रयोगशालाओं के प्रभारियों द्वारा प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरण तथा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

इसके उपरांत **श्री राजेंदर पाल,** वरिष्ठ तकनीशियन, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने सभी प्रशिक्षुओं व संकाय सदस्य का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में पधारने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होनें विद्यार्थियों को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला की शोध उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

अंत में **डॉ॰ शेर सिंह सामंत, निदेशक,** हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने विद्यार्थियों व संकाय सदस्य के साथ अपने अनुभव सांझा किए तथा उन्हें हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में शैक्षणिक भ्रमण पर आने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ

****